संख्या–एस0ई0–385 / दस–2014–ब–17 / 2013

प्रेषक,

राम किशोर पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
राष्ट्रीय बचत निदेशालय,
विकासदीप, 22 स्टेशन रोड,
लखनऊ।

वित्त (सेवायें) अनुभाग–1 लखनऊ :: दिनांकः 26 जुलाई, 2014

विषयः अनुदान संख्या–65 के अंतर्गत राष्ट्रीय बचत निदेशालय के लिये वर्ष 2014–15 के शेष आठ माह (अगस्त, 2014 से मार्च, 2015 तक) के व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–2457 / दस–2014–231 / 2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–65 वित्त विभाग (राष्ट्रीय बचत निदेशालय) के निम्नलिखित विवरण के अनुसार क्रमशः लेखाशीर्ष–''2047–अन्य राजकोषीय सेवायें–आयोजनेत्तर–103–अल्प बचतों की अभिवृद्वि–03–राज्य अल्प बचत संगठन'' के अंतर्गत अधिग्रहण व्यय की विभिन्न मदों में व्यवस्थित धनराशि रू0 263517 हजार (रूपये छब्बीस करोड़ पैंतीस लाख सत्रह हजार मात्र) में से वित्तीय वर्ष की शेष अवधि (माह अगस्त, 2014 से मार्च, 2015 तक) के व्यय हेतु रू0 176844 हजार (रूपये सत्रह करोड़ अरसठ लाख चौवालिस हजार मात्र) तथा लेखाशीर्ष–4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनेत्तर–01–कार्यालय भवन –051–निर्माण –03– राष्ट्रीय बचत निदेशालय के निर्माण भवनों में लघु निर्माण कार्य–25–लघु निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यकताओं के लिए व्यवस्थित धनराशि रू0 500 हजार (रूपये पॉच लाख मात्र) में से वित्तीय वर्ष की शेष अवधि (माह अगस्त, 2014 से मार्च, 2015 तक) के व्यय हेतु रू0 333 हजार (रूपये तीन लाख तैंतीस हजार मात्र) की धनराशि अर्थात कुल धनराशि रू0 177177 (रू0 सत्रह करोड़ इक्हत्तर लाख सतहत्तर हजार मात्र) उल्लिखित प्रतिबंधों / निर्देशों के अधीन व्यय करने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

लेखाशीर्ष / मद

''2047–अन्य राजकोषीय सेवायें
–आयोजनेत्तर–103–अल्प बचतों की अभिवृद्वि–
03–राज्य अल्प बचत संगठन''

–2 / ––

धनराशि (हजार रूपये में)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2014—15 के लिये कुल प्रावधान	वित्तीय वर्ष 2014—15 के शेष आठ माह (अगस्त, 2014 से मार्च, 2015 तक) हेतु स्वीकृत धनराशि।
1	2	3
01—वेतन	102545	68363
02—मजदूरी	1	1
03—मंहगाई भत्ता	107672	71781
04—यात्रा व्यय	4000	2667
05—स्थानान्तरण यात्रा व्यय	300	200
06—अन्य भत्ते	9359	6239
07—मानदेय	300	200
08—कार्यालय व्यय	2370	1580
09—विद्युत देय	1284	856
10—जलकर/जल प्रभार	214	143
11—लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	1464	976
12—कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	1005	670
13—टेलीफोन पर व्यय	2000	1333
14—मोटर गाड़ियों का कय	3500	3500
15—गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	8868	5912
16—व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	1880	1253
17—किराया, उपशुल्क और कर स्वामित्व।	200	133
19—विज्ञापन, बिकी और विख्यापन	7000	4667
29—अनुरक्षण	900	600
42—अन्य व्यय	4000	2667
44—प्रशिक्षण हेतु यात्रा एंव अन्य प्रासंगिक व्यय	100	67
45—अवकाश यात्रा व्यय	200	133
46—कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्ट वेयर का कय	500	333
47—कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का कय	1280	853
49—चिकित्सा व्यय	2500	1667
51—वर्दी व्यय	75	50
योग	263517	176844

(रूपये सत्रह करोड अरसठ लाख चौवालिस हजार मात्र)

''लेखाशीर्ष–4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनेत्तर
01–कार्यालय भवन–051–निर्माण
03–राष्ट्रीय बचत निदेशालय के नियंत्रणाधीन भवनों
में लघु निर्माण कार्य

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये कुल प्रावधान	वित्तीय वर्ष 2014–15 के शेष आठ माह (अगस्त, 2014 से मार्च, 2015 तक) हेतु स्वीकृत धनराशि।
24–वृहद निर्माण कार्य	–	–
25–लघु निर्माण कार्य	500	333

(रूपये तीन लाख तैंतीस हजार मात्र)

2– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है, अतः व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों व नवीनतम शासनादेश संख्या–सीए–934/दस–2008–मित–1/2004, दिनांक 02 सितम्बर, 2008 का विशेष रूप से पालन किया जाय ताकि अपव्यय को रोका जा सके।

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान के अंतर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एंव आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश संख्या–बी–1–1195 /दस–16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4– उपर्युक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि जहां भी नियमों के अंतर्गत शासन की स्वीकृति आवश्यक हो, धनराशि व्यय करने से पूर्व अपेक्षित स्वीकृति आवश्यक रूप से प्राप्त कर ली जाय।

5– उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–65 के उपरोक्तानुसार अंकित लेखाशीर्षकों के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक संगठनों के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।

संख्या–एस0ई0–385(1)/दस–2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार(लेखा एंव हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1/2
4– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
5– मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, राष्ट्रीय बचत निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6– वित्त (लेखा परीक्षा अनुभाग।
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव